
उम्मीद

पांढुरना में वंदे भारत ट्रेन शुरू कराने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ द्वारा केंद्रीय रेल मंत्री को लिखा पत्र

# अब पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के प्रयासों के चलते जिलेवासियों में जागी उम्मीद


कमल नाथ




**नवभारत न्यूज,**
**पांढुरना,5 मार्च,** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ द्वारा जिले के छात्रों,व्यापारियों,भक्तगणों,मरीजों की सुविधाओं के लिए केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पांढुरना रेलवे स्टेशन पर नागपुर से इंदौर आने जाने वाली वंदे भारत ट्रेन के स्टॉपेज के लिए पत्र भेजने से अब पांढुरना जिलेवासियों को इस स्टेशन पर वंदे भारत ट्रैन रूकने की उम्मीद दिखाई देंने लगी है।

**एक वर्ष बाद भी मांग पूरी नहीं कर पाए नेताजी :**

गौरतलब हो कि लगभग एक वर्ष पूर्व से नागपुर से इंदौर आने जाने वाली सुपरफास्ट वंदे भारत ट्रेन शुरू हुई है,लेकिन यह ट्रेन पांढुरना स्टेशन पर नहीं रूकते हुए यहां से सरपट निकल जाती है। पूर्व में कई बार जागरूक जिलेवासियों तथा सत्ताधारी दल के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ ही खुले मंच से जिला कलेक्टर एवं जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा तक इस वंदे भारत सुपरफास्ट ट्रेन का स्टॉपेज पांढुरना रेलवे स्टेशन पर कराने की मांग जिला मुख्यालय में पुलिस कंट्रोल रूम भवन के लोकार्पण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिले के युवा सांसद विवेक बंटी साहू से तो इसी प्रकार नवनिर्मित एसडीएम कार्यालय भवन के लोकार्पण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिले के प्रभारी मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर से कर चुके है।

**भगवान महाकालेश्वर का दर्शन होंगा सुगम**

इसी प्रकार जिलेवासियों के आराध्य देव महादेव की पवित्र नगरी उज्जैन में महाकालेश्वर भगवान के दर्शन करने आने जाने में सभी भक्तगणों को भी सुविधाएं होंगी। ज्ञातव्य हो कि पांढुरना जिलेवासियों को यदि इस वंदे भारत ट्रेन का सफर करना है तो पहले इन्हें अन्य निजी या यात्री संसाधनों से पांढुरना से 100-100 किलोमीटर पर दूर क्रमशः नागपुर या फिर बैतूल जाकर ही इस ट्रैन को पकड़ना पड़ता है। जो कि हर किसी के लिए बहुत ही कष्टदायक है।

**नेताजी अन्य ट्रेनों की भी जिलेवासियों को नहीं दिला पाए सौगात**

पांढुरना जिलेवासियों द्वारा इस वंदे भारत ट्रेन का पांढुरना रेलवे स्टेशन पर स्टॉपेज शुरू कराने की मांग को बीते लगभग एक वर्ष से सत्त कर रहे है,

लेकिन आज तक इनकी यह जायज मांग पूर्ण नहीं होने से अन्य सुपर फास्ट ट्रेनों के स्टॉपेज की तरह ही इस वंदे भारत ट्रेन के पांढुरना में स्टॉपेज की आस ही छोड दी थी।

## सांसद दुर्गादास द्वारा अपने बैतूल जिले वासियों की दिलाई सौगात

विभागीय सूत्रों की माने तो जिस दिन यह वंदे भारत सुपरफास्ट ट्रेन इंदौर से नागपुर के लिए शुरू हुई थी,उस दिन इस ट्रेन का स्टॉपेज बैतूल रेलवे स्टेशन पर नहीं था,यह बात यहां के तेज तर्रार सांसद दुर्गादास उइके को पता चली तो उन्होंने अपनी ऊंची राजनीतिक पकड़ के चलते उसी दिन इस सुपर फास्ट ट्रेन का स्टॉपेज बैतूल रेलवे स्टेशन पर शुरू कर दिया,जो आज भी अनवरत रूप से जारी है, लेकिन पांढुरना जिले के सत्ताधारी दल के नेता एक वर्ष बीतने के बाद भी आज तक इस वंदे भारत ट्रेन का स्टॉपेज पांढुरना रेलवे स्टेशन पर नहीं करा पाए है।

## छात्र,व्यापारी,कृषकों,आम लोगों को मिलेगा लाभ

लेकिन एक वर्ष से भी अधिक का समय बीतने के बाद भी आज तक अन्य सुपर फास्ट ट्रेनों की तरह ही यह वंदे भारत सुपरफास्ट ट्रेन आज तक पांढुरना स्टेशन पर स्टॉपेज शुरू नहीं हो पाया है,जिससे रेल यात्रियों के साथ ही पांढुरना जिले के हजारों छात्र जो कि उच्च शिक्षा हेतु प्रदेश में शिक्षा अभ के नाम से प्रख्यात इंदौर में पढ़ाई हेतु रह रहे छात्रों को पांढुरना से इंदौर आने-जाने में बहुत अधिक परेशानी हो रहीं है,इसी प्रकार पांढुरना के व्यापारियों का कहना है कि यह वंदे भारत ट्रेन का पांढुरना में स्टॉपेज मिलता है तो इन्हें व्यापार के सिलसिले में इंदौर आने जाने में बहुत अधिक सुविधा होंगी,व्यापारियों का कहना है कि इंदौर में कई कृषि उपयोगी सामग्री,विद्युत मोटर,इलेक्ट्रॉनिक सामान,कपड़े अच्छी गुणवत्ता वाले तथा अन्य महानगरों की अपेक्षा इंदौर में बजट में मिलते है। जिससे जहां एक और जिलेवासियों को यह सभी वस्तुए कम किमंत पर मिलने से किसानों तथा आम लोगों को लाभ मिलेंगा साथ ही व्यापारियों का कारोबार अच्छा होने से इनकी भी आर्थिक स्थित और भी अधिक मजबूत होंगी।

## अब कमलनाथ के प्रयास लाएंगे रंग



वहीं बीते 18 फरवरी 2026 को प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ द्वारा केंद्रिय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को भेजे गए अनुरोध पत्र में इंदौर से नागपुर की और जाने वाले ट्रेन कंमाक 20911 एवं नागपुर से इंदौर जाने वाली ट्रेन कंमाक 20912 के इस वंदेभारत सुपर फास्ट टैन का स्टॉपेज पांढुरना स्टेशन पर कराने की मांग को देख अब जिलेवासियों की उम्मीद जाग गई है,शीघ्र ही इस वंदेभारत सुपर फास्ट टैन का पांढुरना रेलवे स्टेशन पर स्टॉपेज शुरू हो जाएंगा ।

## विधायक ने कहा अब जरूर पूरी होंगी मांग



क्षेत्रीय विधायक नीलेश उइके द्वारा बताया कि पांढुरना जिलेवासियों द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ से भेट कर उन्हें इंदौर से नागपुर आने जाने वाली सुपर फास्ट वंदेभारत टैन का स्टापेज पांढुरना में शुरू कराने की पुरजोर मांग की थी,जिस पर कमलनाथ द्वारा यहां के छात्रों,जनप्रतिनिधियों,व्यापारियों,आम लोगों की बातों को ध्यान पूर्वक सुन इस वंदेभारत टैन का स्टॉपेज शुरू कराने का आश्वासन दिया है,विधायक श्री उइके का मानना है कि सभी को उम्मीद है कि कमलनाथ के प्रयासों से शीघ्र ही जिलेवासियों को इस सुपर फास्ट टैन से इंदौर,उज्जैन,भोपाल, इटारसी,बैतूल,नागपुर आने जाने की सुविधाए मिलेंगी।




## पौधारोपण कर मनाया गया होली धुरेंडी का पावन पर्व

**नवभारत न्यूज़**
**सौंसर 5 मार्च.** होली धुरेंडी के पावन पर्व पर सौसर रेल्वे स्टेशन परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। वृक्षमित्र अरूण ठाकरे के मार्गदर्शन में तथा रेल्वे स्टेशन प्रबंधक सुमित अरोडा की प्रमुख उपस्थिति में किया गया। जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था एवं युथ ऑफ सौसर एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में सामाजिकए धार्मिक और राष्ट्रीय त्यौहारों पर अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का संकल्प लिया। इस दौरान रेल्वे स्टेशन परिसर में बरगद नीम पीपल और करंजी के फलदार एवं छायादार पौधे लगाये गये। अवसर पर वसंत चैधरी दीपक कुरहाडे युवराज हिवंगे दशरथ कोठे मदन चावके सुरेश ठाकरे मोरेश्व केचे अशोक भुसारी युथ ऑफ सौसर एसोसिएशन के योगेश सोमकुवर गोपाल कोठे भीमराज बडवाईक दिनेश पाटील हेमंत हिवरकर सहित नगर विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## युवाओं को मिलेगा गैस टंगस्टन आर्क वेल्डिंग का नि:शुल्क प्रशिक्षण

पांढुर्णा, स्थानीय शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) पांढुर्णा में युवाओं को रोजगारोन्मुखी एवं व्यावहारिक कौशल प्रदान करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 के अंतर्गत गैस टंगस्टन आर्क वेल्डिंग जॉब रोल में 510 घंटे की अवधि का नि:शुल्क अल्पकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया जा रहा है। संस्था के अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रशिक्षण तकनीकी क्षेत्र में करियर बनाने के इच्छुक युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से अभ्यर्थियों को उद्योगों में उपयोग होने वाले आधुनिक उपकरणों एवं नवीन तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त हो सकेंगे। योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन द्वारा राष्ट्रीय स्तर का मान्यता प्राप्त प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा.

## पूर्व सरपंच दिलीप गुर्वे का सड़क हादसे में दुखद निधन



**नवभारत न्यूज**
**सौंसर 5 मार्च.** ग्राम पंचायत बेरडी के पूर्व सरपंच एवं ब्लॉक किसान कांग्रेस अध्यक्ष दिलीप गुर्वे का बुधवार को दोपहर गांव के समीप गाडी पलटने से मौत हो गई। आज गुरूवार को बेरडी मे अंतिम संस्कार किया गया हैण

मृतक श्री गुर्वे धुलीवंदन के दिन अपने साथी सुभाष ठाकरे उपसरपंच मनोत दिक्षीत के साथ अपनी स्वीफट वाहन को गांव के रोड से चला रहे थेण् मृतक वाहन को सीख रहा थाण् प्रत्यक्षदर्षीयो ने बताया कि गाडी तेजी से आगे बढते हूए अचानक तीन बार पलट गई ण्जिसमे दिलीप गूर्वे की मौत हो गई वही सुभाष ठाकरे मनोज दिक्षीत को गंभीर चोट आई है. आज गुरूवार को दोपहर मे गमगीन माहौल मे श्री गुर्वे का अंतिम संस्कार किया गया वे अपने पिछे भरापूरा परिवार छोड गये श्री गुर्वे के निधन पर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथए पूर्व सांसद नकुलनाथ ने शोक संवदेना व्यक्त करते हूए कांग्रेस का सच्चा सिपाही खो दिया है. जिसकी पूर्ती नही कि जा सकती है.

प्रदेश अध्यक्ष, युवा मोर्चा एवं महिला मोर्चा के पदो पर हुआ निर्वाचन

## सूर्यवंशी लोणारे कुनबी समाज संगठन मध्यप्रदेश का हुआ गठन

धनराज नरांजे को प्रदेश अध्यक्ष, महेश भक्ते को युवा मोर्चा तथा मीराबाई को महिला मोर्चा के पदो पर हुए निर्वाचित

**नवभारत न्यूज़**
**सौसर 5 मार्च.** सूर्यवंशी लोणारे कुनबी समाज संगठन मध्यप्रदेश के तीन पदों पर रविवार को निर्वाचन किया गया जिसमे सर्वसम्मति से प्रदेश अध्यक्ष ग्राम रामाकोना के सेवानिवृत शिक्षक धनराज नरांजे, युवा मोर्चा का अध्यक्ष ग्राम बिछुआ बग्गु के महेश भक्ते को तथा महिला मोर्चा का अध्यक्ष ग्राम बिछुआ बग्गु की मीराबाई भक्ते को बनाया गया.

विगत कई महीनों से सूर्यवंशी लोणारे कुनबी समाज संगठन मध्यप्रदेश के गठन को लेकर विभिन्न ग्रामो जैसे रामाकोना, देवी, पिपला कन्हान, सीतापार, बड़ोसा, लोहाँगी, सहानवाड़ी, उटेकाटा, खैरी, सायरा, बेरडी, सौसर, रोहना, कुड्डम,बिछुआबग्गु, जैसे अन्य गांव गांव मे समाज के प्रति जागरूकता कार्यक्रम चलाकर समाज का गठन बनाने को लेकर बैठकों का आयोजन किया गया था जिसके परिणाम स्वरूप गत रविवार को प्रदेश समाज संगठन के विभिन्न पदों पर निर्वाचन हुआ.

निर्वाचन मे उपरोक्त समस्त ग्रामो से समाजबंधुगण पहुंचे जिन्होंने सर्वसम्मती से पदाधिकारीयों का चयन किया गया. सूर्यवंशी लोणारे कुनबी समाज संगठन के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष धनराज नरांजे ने निर्वाचन होने पर बताया की मेरे ऊपर समस्त सूर्यवंशी लोणारे कुनबी समाज संगठन ने भरोसा किया गया है मै उनके भरोसे पर खरा उतरने का प्रयास करूँगा.

आगामी समय मे अन्य पदों पर भी नियुक्ति की जायेगी. युवाओं द्वारा शुरू की गयी ये मुहीम ने अंजाम तक पंहुचा दिया गया जिससे मुझे विश्वास है की ये संगठन आगामी दिनों मे विस्तृत एवं समाजहित मे निरंतर कार्य करते रहेंगा.

मीराबाई भक्ते ने महिला मोर्चा की अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने पर बताया की युवाओं द्वारा शुरू की मुहीम ने आखिर अंजाम तक पंहुचा दिया गया मुझे महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया मै महिलाओ को जागरूक करने का निरंतर कार्य करती हु. आगे भी करते रहूंगी.



## घोघरा वॉटर फॉल पर होली मिलन समारोह उत्साह से मनाया

**नवभारत न्यूज़**
**पिपलानारायणवार 5 मार्च.** प्रसिद्ध पर्यटन स्थल घोघरा वॉटर फॉल पर होली के पावन पर्व के अवसर पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओ और युवाओं ने बडी संख्या में भाग लेकर आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारें के साथ होली का पर्व मनाया। अवसर पर पूर्व विधायक अजय चौरे, भाजपा नेता डॉ वामन राऊत, राधेष्याम डांगरा, राजू राठी, धीरज चौधरी, सतीष बोडखे, गगन गोहेल, डॉ काले, बलवंत फोले, विक्की कालबांडे, भूषण महाजन ठाकरे, नंदु राय, अशोक ठाकरे, देवेन्द्र कोचे, नंदू बावरे, प्रशांत गुहे, पुरूषोत्तम जूनघरे, पंकज गोयदानी, दीपक सालबर्डे, प्रेमराज लांडे, रविन्द्र चौरे, नरेन्द्र फोले, शेषराव राऊत, बंडू बेंडे, दिनेश लाडसे, कैलाश ठाकरे, गजानन कोचे, नरेन्द्र बोढे, केशव पापडकर, सुमिल लव्हाले, रोशन गावंढे, नीलेश वानखडे, आकाश वाघ, शैलेन्द्र मोरे, राहुल कडू, शषिकांत खंडाईत, अमन मालवीय, मुकूल खंडाईत, दिनेश दहारे, पंढरी पूनकर, अनिल शेडे, अनुभव रूंघे, गुलशन गजभिये, षुभम गावंढे, बंटी शिदे आदि उपस्थित थे।

## 14 मार्च को पांढुर्णा जिले में आयोजित होगी नेशनल लोक अदालत, विद्युत प्रकरणों के निराकरण का मिलेगा अवसर


पांढुर्णा, मुख्य महाप्रबंधक (वाणिज्य) म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.क.लि. जबलपुर के अनुसार 14 मार्च 2026 को विद्युत अधिनियम 2003 की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह लोक अदालत पांढुर्णा जिले एवं छिंदवाड़ा जिले के अंतर्गत अमरवाड़ा, चौरई, एवं जुन्नारदेव स्थित विद्युत न्यायालयों में आयोजित होगी।

मध्यप्रदेश शासन ऊर्जा विभाग के निर्देशों के परिप्रेक्ष्य में म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं. द्वारा नेशनल लोक अदालत में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के अंतर्गत लिटिगेशन एवं प्री-लिटिगेशन के लंबित प्रकरणों में विशेष छूट प्रदान करने के प्रावधान किए गए हैं। यह छूट निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवाट भार तक के गैर घरेलू तथा 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं पर लागू होगी। कंपनी द्वारा विशेष न्यायालय में दर्ज प्रकरणों में आंकलित सिविल दायित्व की राशि में 20 प्रतिशत की छूट तथा उस राशि पर छः माही चक्रवृद्धि दर से 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष लगने वाले ब्याज में 100 प्रतिशत की छूट नियम एवं शर्तों के अनुसार प्रदान की जाएगी। वहीं जिन प्रकरणों में मामला न्यायालय में दर्ज नहीं है (प्री-लिटिगेशन), उनमें आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत की छूट तथा उस पर लगने वाले 16 प्रतिशत वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज में 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। 14 मार्च 2026 को आयोजित नेशनल लोक अदालत में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के अंतर्गत दी जाने वाली यह छूट 10 लाख रुपये तक के आंकलित सिविल दायित्व वाले प्रकरणों के लिए सीमित रहेगी। आवेदक को निर्धारित छूट के बाद शेष देय सिविल दायित्व एवं ब्याज की राशि का एकमुश्त भुगतान करना होगा। साथ ही विचाराधीन परिसर अथवा आवेदक के नाम पर अन्य किसी संयोजन के विरुद्ध विद्युत देयकों की बकाया राशि का भुगतान करना भी आवश्यक होगा।

## मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना अंतर्गत रामेश्वरम-मदुरई यात्रा के लिए 150 तीर्थयात्रियों का चयन

**पांढुर्णा.** मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के अंतर्गत रामेश्वरम-मदुरई तीर्थयात्रा दिनांक 10 मार्च 2026 के लिए पांढुर्णा जिले में आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। इस यात्रा के लिए जनपद पंचायत पांढुर्णा, जनपद पंचायत सौंसर तथा नगरपालिका परिषद पांढुर्णा, सौंसर, पिपला नारायणवार, मोहगांव और लोढ़ीखेडा नगरीय निकायों से कुल 985 आवेदन प्राप्त हुए थे। शासन के आदेशानुसार पांढुर्णा जिले को 150 तीर्थयात्रियों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। प्राप्त आवेदनों के आधार पर प्रत्येक निकायवार सभी नामों की एक्सेल शीट तैयार की गई तथा कम्प्यूटर द्वारा रेंडमली निकायवार नामों का चयन किया गया, ताकि चयन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार का मानवीय हस्तक्षेप न हो सके। चयन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी रखते हुए पात्र आवेदकों का चयन किया गया है। मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के अंतर्गत पात्रता के लिए आवेदक का मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना आवश्यक है तथा वह आयकर दाता नहीं होना चाहिए। इसके साथ ही आवेदक की आयु 60 वर्ष पूर्ण होना अनिवार्य है, जबकि महिलाओं के मामले में 02 वर्ष की छूट देते हुए 58 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर भी वे पात्र मानी जाएंगी। ऐसे दिव्यांग नागरिक जिनकी विकलांगता 60 प्रतिशत से अधिक है, उनके लिए आयु का बंधन लागू नहीं होगा।यदि पति-पत्नी साथ यात्रा करना चाहते हैं तो पति-पत्नी में से किसी एक के पात्र होने पर जीवनसाथी भी यात्रा में शामिल हो सकता है, भले ही उसकी आयु 60 वर्ष से कम हो। तीर्थयात्रा के लिए समूह बनाकर भी आवेदन किया जा सकता है, जिसमें समूह का मुखिया मुख्य आवेदक होगा, किन्तु ऐसा समूह 25 व्यक्तियों से अधिक का नहीं होगा।

## होली के रंगोत्सव में रंगा पूरा क्षेत्र, जनप्रतिनिधियों श्रद्धालूओं ने उत्साह से मनाया रंगो का पर्व



**नवभारत न्यूज़**
**5 मार्च.**सौसर क्षेत्र में होली का पर्व इस वर्ष पूरे उत्साहए उमंग और भाईचारे के साथ मनाया गया। गांव.गांव और शहर में रंग गुलाल और अबीर की खुशबू के साथ लोगों ने एक.दूसरें को होली की शुभकामनायें दी। जगह.जगह लोगों ने ढोल.नगाडो नृत्य और गीतों के साथ रंगोत्सव मनाया। इसी कडी में पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड और जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड ने अपने गृहग्राम मांगुरली में कार्यकर्ताओं और ग्रामवासियों के साथ होली का पर्व बडे ही उत्साह के साथ मनाया। कार्यक्रम में सामाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारे का संदेश दिया गया। ग्रामीणों ने ढोल.नगाडो की धुन पर नृत्य कर त्यौहार की खुशिया साझा की। वही क्षेत्रिय विधायक विजय रेवनाथ चौरे ने बेलगांव स्थित अपने निवास पर कार्यकर्ताओं समर्थको और नागरिकों के साथ होली मनाई। अवसर पर लोग विधायक से मिलने पहुचे और उन्हें गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। होली प्रेम सौहार्द और एकता का प्रतीक पर्व है, जो समाज को जोडने का कार्य करता है। इसके अलावा सामाजिक धार्मिक संगठनों के पदाधिकारियों ने भी होली का त्यौहार उत्साह उमंग के साथ मनाया।

**जामसांवली धाम में मनाई होली**

विश्व प्रसिद्ध चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर जामसांवली धाम में भी श्रद्धालूओं ने पारंपरिक तरीके से रंगोत्सव मनाया। मंदिर परिसर में भक्तों ने भगवान हनुमान के दर्शन कर गुलाल अर्पित किया और भक्तिभाव के साथ होली खेली। मंदिर परिसर में भजन.कीर्तन और धार्मिक वातावरण के बीच श्रद्धालूओं ने एक दूसरे को रंग लगाकर पर्व की खुशियां मनाई। इस दौरान मंदिर ट्रस्ट कमेटी के सदस्यों ने भी श्रद्धालूओं को गुलाल लगाते हुये मिष्ठान्न का वितरण किया। पूरे क्षेत्र में होली का पर्व लोगों ने पुराने मतभेद भुलाकर एक.दूसरे को गले लगाया और रंग.गुलाल के साथ खुशियां साझा की।

## धम्म कार्यशाला में शामिल हुए सौंसर से धम्म अनुयायी

**नवभारत न्यूज़**
**सौंसर 5 मार्च.** बौद्ध धम्म संस्कार प्रचार प्रसार संघ नागपूर द्वारा चिचोली के शांतीवन बुद्ध विहार में आयोजित धम्म आपल्या घरी इस उपक्रम में धम्म कार्यशाला हुई। धम्म कार्यशाला में मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र एवं विभिन्न राज्यों से हजारों बौद्ध,अम्बेडकरी अनुयाईयो द्वारा शामिल होकर धम्म कार्यशाला में धम्म लाभ लिया। जिसमें सौसर, कबरपिपला, मोहगांव, खापा,घोटी, छिदवाड़ा से भारतीय बौद्ध महासभा एवं समता सैनिक दल सौंसर व धम्म अनुयाईयो ने धम्म कार्यशाला में शामिल होकर धम्म लाभ लिया। महेंद्र सोमकुंवर, एस एम ठवरे, विनायक सोमकुंवर, एस परतेती गुरुजी, नरेंद्र सोमकुंवर गुरुजी, राजरत्न बागडे, ज्योति बंसोड, रेणुका ठवरे, कल्पना गजभिए, वंदना सोमकुंवर, वैष्णवी परतेती, एड विनोद सोमकुंवर,प्रशांत डोंगरे, मोनाली सोमकुंवर, राजहंस टेंबुरने,महेन्द्र सहारे, छोटू राउत, मनीषा गोडबोले, कल्पना ठवरे, प्रवीण ठवरे,आदि शामिल हुए।

